किसान क्रेडिट कार्ड से मिला लोन परवल की खेती कर बने सफल किसान

किसान का नाम	– भृगुराम भकत
पिता	– धीरेन भकत
ग्राम	– कालापाथर टोला भुरकाडीह
पंचायत	– कुलडीहा
प्रखण्ड	– पोटका
जिला	– पूर्वी सिंहभूम

पोटका प्रखण्ड की कालापाथर टोला भुरकाडीह गांव निवासी प्रगतिशील किसान भृगुराम भकत आधुनिक तरीके से सब्जी की खेती कर सालाना दो ढाई लाख कमाई कर रहे है। साथ ही गांव की 5 मजदूरों को भी सालभर रोजगार दे रहे है।

ऐसा कहा जाए तो खेती इन्हें विरासत में मिली है। किन्तु पहले पुरानी पद्धति से खेती होती थी जिस कारण कमाई कम होने की वजह से परिवार का भी भरण–पोषण नहीं हो पाता था और आज उसी जमीन पर लाखों रूपये की कमाई हो रही है।

भृगुराम भकत एक पढ़े लिखे शिक्षित किसान है ये वर्ष 2004 में एम0 ए0 पास किया है , 2011 में प्राथमिक शिक्षक का प्रशिक्षण पूरा किया है। पढ़ाई के दौरान ही इनकी शादी वर्ष 2000 ई0 में कर दिया गया फिर भी ये अपने लक्ष्य को नहीं खोया। शादी के पश्चात् भी इनका मन नातो पढ़ाई से हटा और ना ही खेती से पढ़ाई के साथ–साथ में खेती भी करते थे ताकि पारिवारिक सामना ना करना पड़े।

आज भृगुराम भकत की खेत में परवल, बैगन, लौकी धान के अलावा और भी खेती किए है। परवल की खेती करने की प्रेरणा इन्हें सालबनी के सुकदेव महाराज जी से मिली। किन्तु परवल खेती के लिए उनके पास पूँजी कम थी। एक दिन ये आत्मा के संपर्क में आया और इन्हें 50 हजार रू0 का के0सी0सी0 प्रदान किया गया। लोन का चुकता भी कर दिये है। कृषि विभाग में टपक सिंचाई के लिए आवेदन किए है।

आज ये खेती करके अपने और अपनी परिवार का भरण–पोषण कर रहे है। ये अपनी बेटी की शादी भी वर्ष 2020 में धूम–धाम से किया। बेटा 11वीं में जमशेदपुर शहर में शिक्षा प्राप्त कर रहा है।

USPA
DENIM